राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: 03, दिनांक: 12.09.2024

दूसरे चरण का होगा शुभारंभ: मेट्रो फेज -2 नरेन्द्र मोदी स्टेडियम से गांधीनगर सेक्टर 1 तक कनेक्ट होगा, , पीएम 16 को दिखाएंगे हरी झंडी

अब अहमदाबाद से गांधीनगर तक दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन

मेट्रो के फेज 2 प्रोजेक्ट का कुल खर्च 5,384 करोड़ रुपए

एक कॉरिडोर गिफ्ट सिटी-गांधीनगर तथा अहमदाबाद को जोड़ेगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. अहमदाबाद तथा गांधीनगर में बसे आमजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 सितम्बर को मेट्रो ट्रेन की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मेट्रो रेल के दूसरे चरण के रूट का गांधीनगर स्थित सेक्टर-1 से शुभारंभ करेंगे। मेट्रो रेल का दूसरा चरण शुरू होने से अहमदाबाद व गांधीनगर के बीच कनेक्टिविटी मिलेगी। इन दोनों शहरों के बीच हर दिन आने-जाने वाले लोगों का सफर और आसान होगा।

पत्रिका सबसे आगे

पीएम के बर्थडे पर मिलेगी गांधी नगर तक मेट्रो!

राजस्थान पत्रिका

1 सितंबर को प्रकाशित खबर

जीएनएलयू, पीडीईयू, गिफ्ट सिटी, इन्फो सिटी जा सकेंगे

गुजरात सरकार एवं भारत सरकार के साथ भागीदारी में गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) की ओर से मेट्रो रेल नेटवर्क का दूसरा चरण तैयार किया गया है। इस रूट में अहमदाबाद व गांधीनगर के जीएनएलयू, पीडीईयू, गिफ्ट सिटी, रायसण, इन्फोसिटी तथा सेक्टर 1 जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल किए जाएंगे।

शुरुआत में 8 स्टेशनों पर चलेगी

इस फेज में मेट्रो की कनेक्टिविटी मोटेरा से गांधीनगर तक होगी, जिसमें फेज का एक कॉरिडोर गिफ्ट सिटी तक जाएगा। यह फेज 21 किलोमीटर का है। इसमें शुरुआत में गांधीनगर के आठ स्टेशनों पर मेट्रो चलेगी। मोटेरा से यह सीधे गांधीनगर के आठ स्टेशनों से होकर चलेगी। इनमें जीएनएलयू, पीडीईयू, गिफ्ट सिटी, रायसण, रांदेसरण, धोळाकुआं सर्किल, इन्फोसिटी तथा सेक्टर 1 शामिल हैं। आने वाले समय में मेट्रो ट्रेन सचिवालय, अक्षरधाम, जीवराज मेहता भवन (पुराना सचिवालय), सेक्टर 16, सेक्टर 24 तथा महात्मा मंदिर तक जाएगी।

65 मिनट में वासणा से सेक्टर-1 जा सकेंगे

अहमदाबाद के वासणा स्थित एपीएमसी से गांधीनगर सेक्टर-1 तक 33.5 किलोमीटर का मेट्रो सफर 65 मिनट में पूरा होगा। इसका किराया 35 रुपए रहेगा। इसकी तुलना में टैक्सी से इस यात्रा का समय 80 मिनट और किराया 415 रुपए से भी अधिक होता है। ऑटो रिक्शा में यही किराया 375 रुपए होता है और समय भी ज्यादा लगता है। समय तथा पैसे की बचत होने से दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और गांधीनगर व गिफ्ट सिटी के आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए मेट्रो ट्रेन परिवहन का विकल्प बनेगी। यह सेवा शुरू होने से अहमदाबाद के व्यस्त मार्गों पर यातायात कम करने में मदद मिलेगी, जो प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।